# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल साहित्य सृजन

माह : दिसम्बर 2025














संकलन - मिशन शिक्षण संवाद बाल साहित्य सृजन टीम



01/12/2025

# बाल साहित्य सृजन

सोमवार



1

## छोटा भीम

सब बच्चों के मन को भाता,
बड़े प्रेम से लड्डू खाता।
बड़े-बड़े काम है करता,
ढोलकपुर में है रहता।।



राजू, छुटकी, जग्गू बन्दर,
कलिया है बड़ा कलंदर।
छोटा भीम के साथी सारे,
सबको यह लगते हैं प्यारे।।

रचना-
बृजराज सारस्वत(इं०प्र०अ०)
क० वि० गोपालगढ़
मथुरा, मथुरा



2

## डोरेमोन

नीला-नीला गोल-मटोल,
डोरेमोन है बड़ा अनमोल।
डोरेमोन है एक ऐसा रोबो,
बच्चों को प्रिय, दे रस घोल।।



बिना पंख के उड़ वह जाता,
भूत, भविष्य की सैर है करता।
नोबिता है, उसका प्यारा दोस्त,
सीधा-साधा, बेचारा लगता।।

रचना-
रचना तिवारी (स०अ०)
प्रा० वि० ढिमरपुरा बबीना
जिला- झाँसी (उ०प्र०)



3

## लिटिल सिंघम

पुलिस की है वर्दी,
इसमें शेर का दम।
नाम रखा है इसका,
प्यारा लिटिल सिंघम।।



बुरी ताकतों से लड़ता,
भरता अच्छाई का दम।
चिकी बन्दर साथ में रहता,
पंजे में है शेर का दम।।

रचना-
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



4

## चाचा चौधरी

चाचा चौधरी ने बच्चों को,
किया बहुत है प्यार।
चाचा चौधरी और साबू की,
अनेक कहानी है यार।।



सभी बच्चे हैं उनके दीवाने,
कॉमिक्स पढ़ते दिन-रात।
अच्छी-अच्छी बातें सीखें,
चाचा चौधरी के साथ।।

रचना-
सीमा शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि०- निवाड़ा
बागपत, बागपत





02.12.2025



मंगलवार

# बाल साहित्य सृजन

## 1

### चाचा चौधरी

बेहद लोकप्रिय भारतीय कॉमिक्स,
चाचा-चौधरी कहलाती।
दिवंगत प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट,
'प्राण कुमार' जी ने रचना की।।



हिन्दी, अंग्रेजी दोनों भाषाओं में,
चाचा-चौधरी कॉमिक्स मिलती।
600 से अधिक एपिसोड,
दूरदर्शन चैनल पर प्रसारित की।।

रचना-
उमा ठाकुर (इं०प्र०अ०)
प्रा० विद्यालय- राजपुर
मथुरा, मथुरा



## 2

### साबू

ब्रहस्पति ग्रह का रहने वाला,
साबू है इलियन।
और चौधरी चाचा का,
वह मित्र गया है बन।



ऐसे कार्टून प्रायः,
सबका मन बहलाते,
नई ऊर्जा, नई शक्ति भी,
बच्चों में भर जाते।।

रचना-
प्रवीणा दीक्षित (स०अ०)
के०जी०बी०- नगर क्षेत्र
नगरक्षेत्र, कासगंज



## 3

### डोरीमोन

जब नोबिता मुश्किल में आता,
डोरीमोन उसे मदद पहुँचाता।
यह है प्यारा कार्टून जापानी,
दोस्तों की करता दूर परेशानी।।



डोरीमोन के सारे दोस्त निराले,
यह जैकेट से गैजेट्स निकाले।
डोरीमोन की टोली यह सिखाएँ,
डरे नहीं, हमेशा हिम्मत दिखाएँ।।

रचना-
शहनाज बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट



## 4

### छोटा भीम

एक असाधारण सा लड़का,
शक्तिशाली और बुद्धिमान है।
बच्चे उसको पसंद करते हैं,
समस्याओं का करता समाधान है।।



कार्टून सीरिज का भीम दयालु,
रोमांचक भी, दिल का रंगीन,
कम उम्र का मद्द करनेवाला,
बालक प्यारा लड्डू का शौकीन।।

रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
मथुरा, मथुरा



मिशन शिक्षण संवाद

· आओ हाथ से हाथ मिलाएँ · मिशन शिक्षण संवाद · बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ ·





03/12/2025 बुधवार

# बाल साहित्य सृजन

## 1

### लिटिल सिंघम



लिटिल सिंघम पात्र बहुत प्यारा,
इसका काम तो है बहुत ही न्यारा।
दुशमनो को खूब यह धूल चटाता,
साथ ही साथ हमे खूब है हँसाता।।

कानून का यह बड़ा रक्षक होता,
पुलिस की वर्दी मे खूब जँचता।
लिटिल सिंघम हमको अच्छा लगता,
बच्चो का यह बहुत पसंदीदा होता।।



इला सिंह(स.अ)
कम्पोजिट विद्यालय पनेरूवा
अमौली फतेहपुर

## 2

### छोटा भीम



छोटा भीम की कहानी,
बच्चों को अच्छी लगती है।
भारतीय कार्टून पर प्रसारित,
लोकप्रियता को छूती है।।

भीम का किरदार बहुत अनोखा,
समस्याओं को हल करता है।
मिंग नाम के साधु की,
मदेद हमेशा करता है।।



माला सिंह(स०अ०)उच्च
प्रा०वि०-भरौटा(1-8)
ब्लॉक-सरधना
जनपद-मेरठ

## 3

### मोगली



भेड़ियों ने पाला इसको,
बघीरा इसकी रक्षा करता।
जंगल के नियम इसको,
बल्लू भालू सिखाता रहता।।

काला पैंथर गुरु इसका,
सबके संग मिलकर रहता।
शेर खान दुश्मन इसका,
बच्चों को यह खूब भाता।।



आरती यादव(स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय रनियां -1
सरवनखेड़ा कानपुर देहात

## 4

### शिवा



वेद नगर की बढ़ाए शान,
शिवा है उसका नाम।
छोटी उम्र बड़े इरादे,
सुपर हीरो कहते सारे।।

नीला बाइक उसकी सवारी,
अदिति,उदय संग होशियारी।
खतरों से बचाए सबकी जान,
अनोखी क्षमता का प्रमाण।।



नीलम भास्कर (स०अ०)
पी एम श्री उ०प्रा०वि०सिसाना
बागपत, बागपत

04/12/2025 गुरुवार

# बाल साहित्य सृजन

## 1. स्पाइडर मैन

एक काल्पनिक सुपर हीरो,
होता है ये स्पाइडर मैन।
न्यूयॉर्क में है वो रहता,
बच्चों का प्यारा स्पाइडर मैन।।

मकड़ी काट लेती अचानक,
वह उसकी शक्ति पा जाता है।
फिर दुनिया को विनाश से,
और खतरों से बचाता है।।




ज्योति सागर' सना
पी० एम० श्री उ० प्रा० वि० (1-8)
सिसाना, बागपत




## 2. टॉम एंड जैरी।

चूहा बिल्ली का खेल निराला,
जिसे कहा जाता है टॉम एंड जैरी।
विलियम हैना और जोसेफ बारबरा ने,
एनीमेटेड कार्टून बनाया है टॉम एंड जैरी॥

खूब लुभाती है बच्चों को,
नोंक-झोंक टॉम एंड जैरी की।
बच्चे क्या बड़े भी खूब पसंद,
करते हैं टॉम एंड जैरी को॥





शिप्रा सिंह (स.अ.)
उ० प्रा० वि० रूसिया,
अमौली, फतेहपुर




## 3. डोरमोन

बिल्लीनुमा एक प्यारा रोबोट,
डोरमोन जिसका है नाम।
नोबिता की मदद के लिए,
करता वो हर मुश्किल काम।।

अद्भुत गैजेट्स रखता वो ऐसे,
जो नोबिता की मदद कर जाते।
भविष्य तकनीक पर आधारित,
बच्चों में विज्ञान की रूचि बढ़ाते।।





पारुल चौधरी (स॰अ॰)
प्राथमिक विद्यालय बसी-3
खेकड़ा, बागपत




## 4. शक्तिमान

शक्तिमान शक्तिमान की करें पुकार ,
बच्चे जब भी पाये खुद को लाचार।
काल्पनिक किरदार देता संबल,
बच्चों का यह है सुपरस्टार।।



टी०वी० पर जब आता है ये शो,
बच्चों में जोश ऊर्जा ले आता वो।
मुश्किलों से लड़ना सिखलाता,
सूझ-बूझ र से काम लेना बताता।


वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा० वि०चन्दवक
डोभी, जौनपुर






05/12/2025 शुक्रवार



# बाल साहित्य सृजन

## 1
### मिकी माउस

अमेरिकी कार्टून चरित्र है दयालु,
खुशमिजाज,बहादुर मिकी माउस।
लाल शॉर्ट्स, सफेद दास्तानें और
बड़े जूते पहनता है मिकी माउस।



मजेदार व रोमांचक कारनामे कर
मिकी आदर्श चरित्र निभाता है।
बड़ों की बात मानना,दयालुता व
मुश्किलों में न हारना सिखाता है।

पूनम नैन ( स० अ०)
उ० प्रा० कम्पोजिट विद्यालय मुकुंदपुर
छपरौली,बागपत



## 2
### छोटा भीम

आओ बच्चों तुम्हें सुनायें,
छोटा भीम की कहानी।
ढोलक पुर के राज्य में,
छोटा भीम की मनमानी।।



अपनी चालाकी बुद्धि से,
गाँव वालों की रक्षा करता।
अपने हम उम्र के बच्चों को,
सही गलत का ज्ञान कराता।।



अनुप्रिया यादव ( स०अ०)
क० वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर

## 3
### मोटू पतलू

मोटू और पतलू की जोड़ी,
लगती है बड़ी प्यारी।
बच्चों के मन को भाती,
इनकी शरारते न्यारी।।



बातों ही बातों में ये,
बच्चों को खूब हँसाते।
सदाचार और नैतिकता की बातें,
यह बच्चों को भी सिखाते।।



मृदुला वर्मा ( स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात

## 4
### दूरदर्शन

दूरदर्शन मनोरंजन का,
हँसता खेलता है सँसार।
देश-विदेश की बाते बताता,
दैनिक जीवन का है आधार।।

दूरदर्शन
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

पढ़ाई ज्ञान-विज्ञान सिखाता,
कला संस्कृति का मेल कराता।
पौराणिक इतिहास समझाकर,
सच्चे साथी का आभास कराता।।



अमित गोयल (स०अ०)
प्रा० वि० निवाडा, बागपत,
जनपद बागपत

# बाल साहित्य सृजन

1

## नोबिता



जापानी कॉमिक का है पात्र,
डोरेमान धारावाहिक किरदार।
नोबिता है डोरेमान का साथी,
डोरेमान इसके लिए वफादार।


सुजुका नोबिता की साथी,
जिआन सुनयो करते परेशान।
डोरीमोन है नोबिता का साथी,
गजेट्स से करता समाधान।।

रचना- सुमन पाण्डेय प्र.अ
प्राथमिक विद्यालय टिकरी मनौटी
शिक्षा क्षेत्र- खजुहा
जनपद- फतेहपुर।



2

## मोटू



गोल-मटोल सा मोटू हाय,
पूड़ी समोसे मन को भाए ।
खा-खा कर जब होता भारी,
फिर भी बोले – "भूख हमारी!"

पट्लू बोले, "बस कर यार!"
पर मोटू का अलग ही संसार।
जैसे ही खाए समोसे चार,
हो जाता है सुपर-स्टार!

रचना - सुषमा त्रिपाठी (स०अ०),
कंपोजिट उ० प्रा० वि० खजनी (रुद्रपुर),
गोरखपुर



3

## पतलू



बच्चों के दिलों में बसता,
पतलू का है नाम।
पतलू है अक्ल का चिराग,
पतलू है दोस्ती का पैगाम।।

दोस्ती की मिसाल है,
मोटू पतलू की जोड़ी।
हर एपिसोड में तहलका मचाए,
पतलू हमारा हीरो सदा मुस्कुराए।।

रचना- रूपी त्रिपाठी(स0अ0)
उ0प्रा0वि0लोहारी(1-8)
सरवनखेड़ा, कानपुर देहात



4

## डोरेमॉन



बच्चों का सबसे प्यारा कार्टून,
नाम है जिसका डोरेमॉन।
जापानी मूवी का है पात्र,
बिल्ली जैसा है डोरेमॉन।।

समस्याओं को हल करता,
भविष्य के गैजट्स लाता।
नोबिता की करता मदद,
फुजिको है मूवी बनाता।।

रचना- प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर





08/12/2025

# बाल साहित्य सृजन

सोमवार



1

## शक्तिमान



हर बच्चे की जुबान पर नाम,
वह है शक्तिमान-शक्तिमान।
टेलीविजन पर आता है,
बाल धारावाहिक शक्तिमान।।

मुकेश खन्ना का खास किरदार,
धारावाहिक को मिली पहचान।
खतरों से वह सबको बचाता,
दुश्मनों के वह छक्के छुड़ाता।।

रचना-
सीमा शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि०- निवाड़ा
बागपत, बागपत



2

## मोटू-पतलू



मोटू-पतलू की जोड़ी अनोखी,
लगती है बड़ी ही चोखी।
अदभुत होते इनके काम,
सबको इनका याद है नाम।

समोसे खा कर मोटू जागे,
पतलू की चतुराई से चोर भागे।
बच्चों को लगते हैं प्यारे,
होते इनके काम हैं न्यारे।।

रचना-
बृजराज सारस्वत(इं०प्र०अ०)
क० वि० गोपालगढ़
मथुरा, मथुरा



3

## पिंकी



भारतीय कार्टून कैरेक्टर,
पिंकी जिसका नाम।
पालतू गिलहरी रहती है संग,
कुट-कुट कहते इसका नाम।।

करती शरारतें है भोली,
रहती सदा ऊर्जावान।
पाँच साल की बच्ची पिंकी,
करती है अनोखे काम।।

रचना-
शिखा वर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर



4

## शिवा



शिवा एक बाल हीरो,
वेद गाँव में है रहता।
दादा-दादी के संग,
नये कारनामे करता।।

बुराई से वह करे लड़ाई,
देता अच्छाई का साथ।
शिवा संकट से है लड़ता,
दोस्तों का देता है साथ।।

रचना-
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



- आओ हाथ से हाथ मिलाएँ - **मिशन शिक्षण संवाद** - बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ -



09.12.2025

मंगलवार



# बाल साहित्य सृजन

## 1

### मिकी माउस

लोकप्रिय कार्टून करेक्टर,
लार्ड डिज़नी द्वारा बनाया।
बड़े जूते, सफेद दस्ताने,
लाल-शॉर्ट पहनाया।।

यह मानवरूपी चूहा,
डिजनी कम्पनी का शुभंकर।
कई शॉर्ट्स और फिल्मों में,
दिखे आशावादी प्रकृति में अंतर।।



रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
मथुरा, मथुरा



## 2

### टोम एण्ड जैरी

टोम है घरेलू बिल्ली,
और एक चूहा है जेरी भाई।
दोनों की कभी खत्म ना होती,
कभी हास्य पूर्ण लड़ाई।।

विलियम हैनाऔर बारबरा ने,
गोल्डविन के लिए लघु फिल्म बनाई।
बच्चे, जवान और बुजुर्गों को यह,
हास्य-फिल्म बहुत पसन्द आई।।



रचना-
उमा ठाकुर (इं०प्र०अ०)
प्रा० विद्यालय- राजपुर
मथुरा, मथुरा



## 3

### बैटमैन

बैटमैन एनीमेडिड पात्र,
रोमांचित कर देता गात्र।
बॉब केन,बिल फिंगर ने कर निर्देशन,
जीत लिया हर बच्चे का मन।।

डिकेक्टिव कामिक्स,
सभी बच्चों को प्यारा।
यही बाय-बण्डर कहलाता,
लगता सबसे न्यारा।।



रचना-
प्रवीणा दीक्षित (स०अ०)
के०जी०बी०- नगर क्षेत्र
नगरक्षेत्र, कासगंज



## 4

### सुपरमैन

नीली पोशाक लाल लबादा,
सीने में 'S' अक्षर गढ़ा हुआ।
किसी के ऊपर आए विपत्ति,
वहाँ दिखे सुपरमैन खड़ा हुआ।।

सब सुपरमैन को हीरो कहते,
बच्चों को यह लगते प्यारे।
पलक झपकते प्रकट हो जाता,
जो भी इनको दिल से पुकारे।।



रचना-
शहनाज बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट



आपका दिन शुभ हो..

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण.
शिकायत या सुझाव के लिए व्हाट्सएप करें. 94582 78429

संकलन
काव्यांजलि टीम
मिशन शिक्षण संवाद

# बाल साहित्य सृजन

## 1

### आयरन मैन



मार्वल कामिक्स का है एक,
दमदार, जांबाज सुपर हीरो।
दुश्मन की चालो और नापाक,
षड्यंत्रो को कर देता है जीरो।।

इसका चरित्र लेखन और संपादन,
स्टैनली द्वारा बहुत सुन्दर रचा गया।
और इसकी डिजायनिग का काम,
डॉन हैक और कर्बी द्वारा किया गया।।



इला सिंह(स.अ)
कम्पोजिट विद्यालय पनेरूवा
अमौली फतेहपुर

## 2

### सुपर मैन



क्रिप्टन ग्रह पर जन्म हुआ था,
मात पिता ने नाम काल-एल रखा था।
पृथ्वी लोक पर भेजा गया था,
महाशक्तियां पा सुपरमैन बना था।।

टीवी पर प्रसारित कहानी,
लोकप्रिय हो शिखर को छू गई,
कल्याणकारी काम जो देखे,
बच्चे और बड़ों के मन को छू गई।।



माला सिंह(स०अ०)उच्च
प्रा०वि०-भरौटा(1-8)
ब्लॉक-सरधना
जनपद-मेरठ

## 3

### स्पाइडर मैन



मकड़ी के काटने से,
स्पाइडरमैन पैदा हुआ।
फुर्तीला यह मकड़ी जैसे,
पहचान अपनी छिपाता।।

हाथों से जाले यह निकालता,
ऊंची-ऊंची इमारतें चढ़ जाता।
बुरे व्यक्तियों को सबक सिखाता,
बच्चों का प्यारा यह कहलाता।।



आरती यादव(स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय रनियां -1
सरवनखेड़ा कानपुर देहात

## 4

### बैटमैन



सुपर हीरो है बैटमैन,
रीयल में यह ब्रूस वेन।
गोथम की रक्षा करता,
दुश्मन हर इससे डरता।।

हाई गैजेट्स लिए साथ,
दुश्मनों को देता मात।
बुद्धि, मेहनत की मिसाल,
कॉमिक में मचाया धमाल।।




नीलम भास्कर (स०अ०)
पी एम श्री उ०प्रा०वि०सिसाना
बागपत, बागपत

मिशन शिक्षण संवाद

· आओ हाथ से हाथ मिलाएँ · · बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ ·


11/12/2025

# बाल साहित्य सृजन

गुरुवार


1

## डोरा



एक प्यारी सी लड़की,
डोरा उसका नाम है।
अलग अलग जगह पर,
घूमना उसका काम है।।

नयी नयी जगह के लोगों से,
हम सबको मिलवाती है।
बच्चों को हर बात बड़े,
प्यार से वो समझाती है।।


ज्योति सागर' सना
पी० एम० श्री उ० प्रा० वि० (1-8)
सिसाना, बागपत




2

## नोबिता

जापान का सबसे प्रसिद्ध,
कॉमिक पात्र है नोबिता।
नोबी-नोबी नाम से अंग्रेजी में,
जाना जाता है नोबिता॥



डोरेमोन के साथ में ही,
दिखता है यह नोबिता।
शिजुका को अपनी दोस्त,
मानता है यह नोबिता॥


शिप्रा सिंह (स.अ.)
उ० प्रा० वि० रूसिया,
अमौली, फतेहपुर




3

## शक्तिमान

हर बच्चे के दिल को भाता,
शक्तिमान से सबका नाता।
हँसते हँसते हो जाते पागल,
गंगाधर जब वो बन जाता।।



एक अलग उसकी पहचान,
हर किसी की बचाये जान।
कुंडलिनी शक्ति का ज्ञाता,
है सबका हीरो शक्तिमान।।


पारुल चौधरी (स॰अ॰)
प्राथमिक विद्यालय बसी-3
खेकड़ा, बागपत




4

## मोटू-पतलू

मोटू-पतलू की जोड़ी निराली,
बातें होती उनकी मतवाली।
काम अद्भुत, अजूबे ये करते,
हंसा-हंसा के लोट-पोट करते।।



बातें सीखाते नैतिक व सदाचार की,
आईडिया देते नए-नए विचार की।
बच्चों को यह कार्टून बड़ा है भाये,
दैनिक जीवन की बातें सिखाये।।


वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा० वि०चन्दवक
डोभी, जौनपुर




12/12/2025 शुक्रवार

# बाल साहित्य सृजन

1

## टॉम एंड जेरी

टॉम है एक नर बिल्ली का नाम।
जो करता है बड़े अनोखे काम।
भूरे रंग के चूहे जेरी के साथ में
सुलझाता है वह मुश्किलें तमाम।



एक्शन व हास्य हमें दिखाते हैं।
हार न मानो कभी हमें बताते हैं।
सर्दी का मौसम उन्हें पसंद है
टॉम एंड जेरी साहस सिखाते हैं।



पूनम नैन ( स० अ०)
उ० प्रा० कम्पोजिट विद्यालय मुकुंदपुर
छपरौली,बागपत

2

## हाथी राजा

गोल मटोल हाथी राजा,
ठुमक-ठुमक चल रहे।
मेरे प्यारे हाथी राजा,
मेरे घर पर आज आ रहे।।



हलवा पूड़ी बना कर,
अपने हाथों से खितायेंगे।
उनकी पीठ पर बैठकर,
सैर सपाटा करने जायेंगे।।



अनुप्रिया यादव ( स०अ०)
क० वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर

3

## छोटा भीम

ढोलकपुर का सुपर हीरो,
माना जाता है छोटा भीम।
गांव को सारी परेशानियों से,
बचाता है छोटा भीम।।



हर मुसीबत से दोस्तों को,
बचाता है छोटा भीम।
इसीलिए बच्चों को खूब पसंद,
आता है छोटा भीम।।



मृदुला वर्मा ( स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात

4

## चाचा चौधरी

कॉमिक्स में ले अवतार,
चाचा चौधरी बने स्टार।
साबू को कहानी में जोड़कर,
निभा रहे महत्वपूर्ण किरदार।।



बने है अनौपचारिक दूत,
स्वच्छ भारत की कर रहे बात।
पिकनिक जाते, मौज मनाते
सबको लेकर चल रहे साथ।।



अमित गोयल (स०अ०)
प्रा० वि० निवाडा, बागपत,
जनपद बागपत

- आओ हाथ से हाथ मिलाएँ - मिशन शिक्षण संवाद - बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ -
13/12/2025 शनिवार

# बाल साहित्य सृजन

1

## जेरी

टॉम एंड जेरी कार्टून का,
एक चरित्र लाल रंग की टाई।
सिर पर बाल का गुच्छा,
भूरे रंग का है चूहा भाई।।



कुछ संस्करणों में दोनों है मूक
तो कई में बोलते-गाते दिखते।
निभाते भूमिका कभी दोस्ती की,
कभी दुश्मन के रूप में दिखते।।


रचना- सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा० वि० टिकरी मनौटी
शिक्षा क्षेत्र -खजुहा, फतेहपुर



2

## टॉम

नीली आँखे भरी शरारत,
चेहरा मासूम बनाया है।
दौड़े भागे कभी न थकता,
उधम कूद मचाया है।।



गिर जाए फिर उठ भागे,
हार में हौसला बनाया है।
हँसते-हँसते गिर जाता है,
टॉम की अजब ही काया है।।


रचना - सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
कं० उ० प्रा० वि० खजनी (रुद्रपुर),
गोरखपुर



3

## माउस

मिक्की माउस है चूहा प्यारा,
बच्चों के लिए है सबसे न्यारा।
दुनिया भर में प्रसिद्ध है नाम,
बच्चों में वो सबसे आम।।



शरारतें करता पर अच्छा है,
दोस्ती निभाने में सच्चा है।
मिक्की माउस है अमर हमेशा,
खुशी, प्यार का देता संदेशा।।


रचना- रूपी त्रिपाठी(स०अ०)
उ०प्रा०वि०लोहारी(1-8)
सरवनखेड़ा, कानपुर देहात



4

## छोटा भीम

भारत की धरती से जन्मा,
छोटा भीम सबका है अपना।
राजीव चिलाका ने इसे बनाया,
ग्रीन गोल्ड ने रूप सजाया।।




पोगो चैनल पर आया पहली बार,
ढोलकपुर बना इसका संसार।
साहस, दोस्ती का देता ज्ञान,
छोटा भीम बच्चों की पहचान।।

रचना - प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर





15/12/2025

# बाल साहित्य सृजन

सोमवार



1

## टीटू



एनीमेटेड एक कैरेक्टर है,
टीटू नटखट बच्चा है।
मुश्किलों को दूर करे,
मन का वह सच्चा है।।

अपने भाई के साथ मिलकर,
वह शैतानी करता है।
बातों ही बातों में वह,
समाधान कर देता है।।

रचना-
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



2

## लिटिल हनुमान



पवन की गति से आता है,
पवन की गति से जाता है।
नन्हा, नटखट बाल हनुमान,
बच्चों को बहुत ही भाता है।।

प्रभु राम का भक्त है न्यारा,
बाल लीलाएँ करता है।
सूर्य को भी मुँह में डालें,
नहीं किसी से डरता है।।

रचना-
सीमा शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि०- निवाड़ा
बागपत, बागपत



3

## लिटिल गणेश



भगवान गजानन की गाथा को,
बच्चों को दिखलाने को।
कार्टून बनाया है ऐसा,
कुछ अच्छी बात बताने को।।

बाल गणेश से सीखें बच्चे,
संस्कार सीखें कुछ अच्छे।
गणेश जी को  मित्र बनालो,
अपने बिगड़े काम करा लो।।

रचना-
बृजराज सारस्वत(इं०प्र०अ०)
क० वि० गोपालगढ़
मथुरा, मथुरा



4

## लिटिल कृष्ण



एनिमेटेड सीरीज है जिसमें,
लिटिल कृष्ण कैरेक्टर प्यारा।
मैया यशोदा, पिता नन्द का,
जो पूरे गोकुल का दुलारा।।

प्रभु श्रीकृष्ण की बाल लीलाएँ,
लिटिल कृष्ण सबको दिखलाता।
होती है अच्छाई की जीत,
सब बच्चों को है सिखलाता।।

रचना-
शिखा वर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर



- आओ हाथ से हाथ मिलाएँ - **मिशन शिक्षण संवाद** - बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ -



16.12.2025

# बाल साहित्य सृजन

मंगलवार



## 1

### प्रिंस चार्मिंग

आदर्श, आकर्षक, दयालु,
परियों का एक राजकुमार।
सुन्दर, बहादुर और विनम्र,
सबके लिए दिल में रखे प्यार।।

यह सपनों को साकार करे,
प्रेमिका का नायक कहलाये।
समस्या का झट हल निकाले,
अच्छे भविष्य की आस जगाये।।



रचना-
शहनाज बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट



## 2

### स्नो-व्हाइट

एक सुन्दर राजकुमारी,
जिसकी सौतेली माँ, रानी।
मजबूर करे उस नासमझ को,
करवाती उससे मनमानी।।

बेहद भोली, इच्छा रखती,
सच्चे प्यार को वह पाएगी।
था संकल्प विश्वास न तोड़ा,
एक दिन प्यार के संग जाएगी।।



रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
मथुरा, मथुरा



## 3

### स्नो प्रिंस

काल्पनिक लोकप्रिय पात्र,
स्नो-प्रिंस कहलाता।
बर्फीले क्षेत्र में रहने वाला,
स्नो-प्रिंस नाम से जाना जाता।।

आमतौर पर स्नो-प्रिंस,
एक शक्तिशाली योद्धा होता।
जो कहानी, खेल और संगीत में,
विभिन्न भूमिकाएँ निभाता।।



रचना-
उमा ठाकुर (इं०प्र०अ०)
प्राथमिक विद्यालय-राजपुर
मथुरा, मथुरा



## 4

### स्नो क्वीन

द, स्नो-क्वीन परी गाथा है,
बच्चों को अति भाती।
परी लोक की विशेषता की,
नूतन कथा सुनाती।।

छोड़ बुराई, अच्छाई का,
पन्थ सदा बतलाती।
भले कहानी हो लेकिन यह,
अनुचित उचित बताती।।



रचना-
प्रवीणा दीक्षित (स०अ०)
के०जी०बी०- नगर क्षेत्र
नगरक्षेत्र, कासगंज



- आओ हाथ से हाथ मिलाएँ - **मिशन शिक्षण संवाद** - बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ -



17/12/2025 **बुधवार**



# बाल साहित्य सृजन

## 1

## पिंकी



पिंकी नामक पात्र बचपन,
में हमको खूब लुभाता था।
उसकी नटखट शैतानियों से,
मन बहुत प्रसन्न हो जाता था।।

पिंकी और बिल्लू की दोस्ती,
रोज एक कारनामा करती थी।
अपनी हाजिरजवाबी से पिंकी,
सबको खूब हँस जाया करती थी।।


इला सिंह(स.अ)
कम्पोजिट विद्यालय पनेरूवा
अमौली फतेहपुर




## 2

## टॉम एण्ड जेरी



टॉम एण्ड जेरी की कहानी,
यह तो है बहुत पुरानी।
बिल्ली,चूहे पर फिल्माई,
अमेरिका द्वारा बनाई।।

टॉम,जेरी को खूब डराता,
लेकिन कभी उसे ना मारता।।
दोनों की खूब दौड़ होती है,
अफरा-तफरी खूब मचती है।।


माला सिंह(स०अ०)उच्च
प्रा०वि०-भरौटा(1-8)
ब्लॉक-सरधना
जनपद-मेरठ




## 3

## डोरेमॉन



बिना कान का रोबोट डोरेमॉन,
बिल्ली के आगे-पीछे घूमता।
नोबिता के साथ रहता डोरेमॉन,
मदद उसकी हर समय करता।।


नीले रंग का यह दिखता,
बच्चों को खूब भाता।
पाकेट में इसकी गैजेट रहते,
कभी न जो खत्म होते।।


आरती यादव(स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय रनियां -1
सरवनखेड़ा कानपुर देहात




## 4

## चाचा चौधरी




चाचा चौधरी की चतुराई,
बच्चों के मन को भाई।
बाबू संग पक्की दोस्ती,
थोड़ी शरारती और खस्ती।।

हर मुश्किल सबकी सुलझाते,
करतब और कारनामे दिखाते।
दोस्ती का देते अच्छी मिसाल,
बच्चे कहते वाह कर दिया कमाल।।


नीलम भास्कर (स०अ०)
पी एम श्री उ०प्रा०वि०सिसाना
बागपत, बागपत








# बाल साहित्य सृजन

## 1

## बेन टेन




बेन टेन है एक लड़का,
एक घड़ी है वो बनाता।
ओमनीट्रेक्स है नाम जिसका,
एलियन को पास वो बुलाता।।

ग्वेन, केविन की मदद से,
पृथ्वी को है वो बचाता।
टी.वी. कार्टून के अलावा,
इसका विडियो गेम भी आता।।



ज्योति सागर' सना
पी० एम० श्री उ० प्रा० वि० (1-8)
सिसाना, बागपत

## 2

## ओगी




नीला सा बिल्ली है ओगी,
शांत स्वभाव, मन का सच्चा,
घर में मस्ती, घर में लड़ाई,
फिर भी दिल से कभी न कच्चा।

तीन तिलचट्टे शोर मचाएँ,
ओगी फिर भी हिम्मत न हारे,
धैर्य, सहन और मुस्कान से,
हर मुश्किल को धीरे मारे।



शिप्रा सिंह (स.अ.)
उ० प्रा० वि० रूसिया,
अमौली, फतेहपुर

## 3

## चाचा चौधरी



दिखने में वृद्ध और कमजोर,
बुद्धि से बिगड़े काम बनाते थे।
खास दोस्त था जिनका साबू,
वो "चाचा चौधरी" कहलाते थे।।

कम्प्यूटर से भी ज्यादा तेज,
चाचा का दिमाग़ चलता था।
लोकप्रिय प्यारा ये कॉमिक्स,
बच्चों के मन में बसता था।।



पारुल चौधरी (स॰अ॰)
प्राथमिक विद्यालय बसी-3
खेकड़ा, बागपत

## 4

## नोबिता



नोबिता का दोस्त निराला,
हर मुश्किल से उसे निकाला।
नटखट बातें जब भी करता ,
सही राह पर उसे ले आता।।

जापानी कार्टून यह प्यार,
गैजेट्स रखना ये ढेर सारा।
बच्चों को यह बहुत ही भाये,
नई नई यह बातें सिखाये।।



वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा० वि०चन्दवक
डोभी, जौनपुर

19/12/2025 शुक्रवार

# बाल साहित्य सृजन

## 1 डोरेमोन

जापान देश की रोबोट बिल्ली,
बिना कान वाली डोरेमोन।
अपने पेट की जेब में रखता है,
भविष्य के गैजेट्स डोरेमोन।।



नोबिता नोबी की सदैव मदद,
करता है प्यारा डोरेमोन।
समस्याएं सुलझाना व डोरायाकी,
खाना पसंद करता है डोरेमोन।।



पूनम नैन ( स० अ० )
उ० प्रा० कम्पोजिट विद्यालय मुकुंदपुर
छपरौली,बागपत

## 2 मोटू-पतलू

भारत का लोकप्रिय कार्टून,
मोटू-पतलू कार्टून शो है।
दो सच्चे दोस्तों की कहानी,
इसको मजेदार बनाती है।।



समोसा प्रेमी मोटू इसमें,
सबको बहुत प्यारा लगता।
बुद्धिमान पतलू इसमें,
हर मुसीबत से है लड़ता।।



अनुप्रिया यादव ( स०अ० )
क० वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर

## 3 टीटू

एक प्यारा सा छोटा,
कार्टून बच्चा है टीटू।
दोस्तों की समस्याओं को,
पल मे सुलझाता है टीटू।।



मुश्किल से न माने हार,
आगे ही बढ़ता जाता टीटू।
बच्चों को सीख देकर,
नयी राह दिखाता टीटू।।



मृदुला वर्मा ( स०अ० )
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात

## 4 रुद्रा

रुद्रा एक भारतीय एनीमेटेड शो,
निकलोडियन चैनल पर आता है।
नौ साल का निडर लड़का रुद्रा,
अपने जादू से सबको लुभाता है।।



अपने दादा एवं साथियों संग,
सनसिटी की रक्षा का प्रण निभाता है।
विलेन शाकाल अपनी शक्तियों से,
सनसिटी पर कब्जा करना चाहता है।।



अमित गोयल (स०अ०)
प्रा० वि० निवाडा, बागपत,
जनपद बागपत




# बाल साहित्य सृजन

## 1

### शिन चैन



जापानी कार्टून चरित्र,
ऊटपटांग हरकतों से युक्त।
हेमावारी है छोटी बहन,
दुनियाभर में है लोकप्रिय।।

स्कूल पहुँचता हमेशा देर से,
दोस्ती है उसकी काजामा से।
बहिर्मुखी सिनचैन व्यक्तित्व,
हंगामा टीवी पर है प्रसारित।।

रचना - सुमन पाण्डेय प्र.अ
प्राथमिक विद्यालय टिकरी- मनोटी
खजुहा, फतेहपुर



## 2

### पेग्गा पिग



नन्ही पेप्पा पिग है प्यारी,
सारे जग से सबसे न्यारी।
लाल फ्रॉक और नाक गुलाबी,
बातें उसकी बड़ी ही प्यारी।।

भाई जॉर्ज और डायनासोर साथ,
कीचड़ में वह रहती साथ साथ।
खेल-खेल में सबक सिखाती,
हँसकर सबका मन बहलाती।।

सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
कंपोजिट उ० प्रा० वि० खजनी (रुद्रपुर),
गोरखपुर



## 3

### पिकाचू



बच्चों की आँखों का तारा,
उम्मीदों का उजला सितारा।
छोटी काया बड़ा नाम,
बन गया दुनिया का पैगाम।।

पिकाचू सिखाए दोस्ती का धर्म,
और सिखाए साहस का मर्म।
हर पीढ़ी का प्यारा दोस्त,
यादों में बसता है रोज।।

रचना- रूपी त्रिपाठी(स०अ०)
उ०प्रा०वि०लोहारी(1-8)
सरवनखेड़ा, कानपुर देहात



## 4

### पॉकेमान



एनीमेशन सिरीज़ है जापान की,
वीडियो है जोश और साहस की।
बच्चों को यह खूब भाता है,
नए-नए कारनामे दिखाता है।।

दोस्ती निभाता है पॉकेमान,
चैम्पियन बनना चाहे पॉकेमान।
टीमवर्क का संदेश है देता,
हर पल नई चुनौती देता।।

रचना - प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर



# बाल साहित्य सृजन

1

## निन्जा



जापानी कार्टून कैरेक्टर,
निन्जा जिसका नाम।
भारत में लोकप्रिय बहुत है,
करता मदद के काम।।

छोटा और बहादुर निन्जा,
"इगा" पर्वत से आता है।
केनिची का बनकर दोस्त,
कारनामे खूब दिखाता है।।

रचना-
शिखा वर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर



2

## टीन टाइटंस



टीन टाइटंस एनीमेटेड सीरीज,
अमेरिका ने बनायी है।
तीन सुपरहीरो की कहानी,
इसमें गयी बतायी है।।

काम करते, साथ में रहते,
लड़ते और झगड़ते है।
करते बहुत हैं शैतानी,
एक-दूसरे पर जान छिड़कते है।।

रचना-
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



3

## शिनचैन



एक शरारती बच्चा,
नाम है जिसका शिन-चैन।
शरारती वह बहुत ज्यादा,
सबकी उड़ाता नींद चैन।।

अपनी माँ की नकल उतारता,
उल्टे-सीधे करता हमेशा काम।
अपनी बहन के साथ रहता,
करता बेवकूफी भरे काम।।

रचना-
सीमा शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि०- निवाड़ा
बागपत, बागपत



4

## नागराज



नागराज करता सदा ,
बड़े अनोखे काम।
बच्चों का यह हीरो,
प्रचलित इसका नाम।।

दुखियों की सेवा करे,
दुष्टों को दे दण्ड।
मन से बड़ा दयालु है
काम करे प्रचण्ड।।

रचना-
बृजराज सारस्वत(इं०प्र०अ०)
क० वि० गोपालगढ़
मथुरा, मथुरा



23.12.2025 मंगलवार

# बाल साहित्य सृजन

## 1

### योगी बियर

योगी बीयर कितना प्यारा?
अमेरिकी कार्टून दुलारा।
चर्चा जिसकी है जहान में,
घूमता 'जेलीस्टोन उद्यान' में।।



चलता-फिरता और बोलता,
भालू रस, आनन्द घोलता।
पहने हुए नेक-टाई है,
टोपी लगी पोर्क, पायी है।।


रचना-
प्रवीणा दीक्षित (स०अ०)
के०जी०बी०- नगर क्षेत्र
नगरक्षेत्र, कासगंज




## 2

### हैनरी

छोटा आकर्षक, शक्तिशाली,
इसकी कहानी प्यारी-प्यारी
यह मेहनत को करे सलाम,
झट बनाता बिगड़े काम।।



गिरकर जो उठ जाता है,
हर मुश्किल में मुस्काता है।
हँसना गाना इसका काम,
हेनरी उसका प्यारा सा नाम।।


रचना-
शहनाज बानो
(स०अ०)
उच्च प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट




## 3

### सेण्डी चीक्स

लकाल्पनिक किरदार है कार्टून की,
जो कराटे का अभ्यास करती।
मादा-गिलहरी अपनी भाषा-संस्कृति से,
प्रेम करती, डाइविंग-सूट पहनती।।



स्पंजबॉब की है मित्र, काँच का घर,
समुद्र की सतह पर बनाकर रहती।
बुद्धिमान, मानवरूपी, आविष्कारक,
समुद्र में जमीन जैसा जीवन जीती।।



रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
मथुरा, मथुरा




## 4

### टिमोन

टीमोन 'शो द लायन किंग' का,
एक लोकप्रिय किरदार होता।
एक मीरकिट के रूप में,
दोस्त पुम्बा के साथ आता।।



हिन्दी में डबिंग करके,
टिमोन कार्टून दिखाया जाता।
बहुत ही मजाकिया किरदार,
बच्चों को बहुत पसन्द आता।।


रचना-
उमा ठाकुर (इं०प्र०अ०)
प्राथमिक विद्यालय-राजपुर
मथुरा, मथुरा






24/12/2025 बुधवार



# बाल साहित्य सृजन

1

## बिल्लू



बिल्लू नामक पात्र खूब हँसाता,
मोती कुत्ता उसका प्यारा लगता।
बिल्लू किक्रेट का शौक रखता,
उसकी शाँट से कारनामा होता।।

बजरंगी पहलवान से पंगा रहता,
उनकी नोकझोंक मे रस रहता।
बिल्लू सबको बहुत अच्छा लगता,
बिल्लू कामिक्स पढने मे आनंद आता।।



इला सिंह(स.अ)
कम्पोजिट विद्यालय पनेरूवा
अमौली फतेहपुर

2

## मोटू पतलू




जिगरी दोस्त हैं मोटू पतलू,
फुरफुरी नगर में हैं रहते।
टीवी पर इन्हें देख करके,
बच्चे लोटपोट होते रहते।।

पतलू समझदार होता,
मोटू समोसे बहुत खाता।
नया करने की दोनों सोचते,
लेकिन परेशानियों में गिर जाते।।

माला सिंह(स०अ०)उच्च
प्रा०वि०-भरौटा(1-8)
ब्लॉक-सरधना
जनपद-मेरठ



3

## शिनचैन



बड़ा शरारती यह बच्चा,
शिनचैन इसको कहते।
मम्मी पापा संग रहता,
कभी न उनकी बात मानता।।

मुसीबत में यह पड़ता रहता,
शिरो को भी तंग करता।
हिमावारी संग लड़ता,
प्यार मगर सबको खूब करता।।



आरती यादव(स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय रनियां -1
सरवनखेड़ा कानपुर देहात

4

## शक्तिमान




शक्तिमान की शक्ति अपार,
गोल घूम दूश्मनों पर करें वार।
बच्चों का चहेता कहलाता,
मुश्किल घड़ी में झट आ जाता।।

टी वी जगत का सुपरस्टार,
बच्चे बड़े कहते दमदार।
शक्तिमान, शक्तिमान गूंज जाता,
जब टी वी पर यह कार्टून आता।।

नीलम भास्कर (स०अ०)
पी एम श्री उ०प्रा०वि०सिसाना
बागपत, बागपत



मिशन शिक्षण संवाद

- आओ हाथ से हाथ मिलाएं - मिशन शिक्षण संवाद - बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं -



25/12/2025

# बाल साहित्य सृजन

गुरुवार



1

## मोगली



एक छोटा बच्चा बचपन में,
शेरखान के हमले से बचकर।
जंगल में रहा, प्रकृति के बीच,
उसे बचाते रहे फिर जानवर।।

मोगली एक काल्पनिक पात्र,
बच्चों का मन बहलाता है।
बघीरा, बिल्लू, सबके बीच,
प्यार से वो रह पाता है।।


ज्योति सागर' सना
पी० एम० श्री उ० प्रा० वि० (1-8)
सिसाना, बागपत




2

## छोटा भीम



बच्चों को जो भाता है,
छोटा भीम कहलाता है।
ढोलकपुर का है रखवाला,
सब की आंखों का तारा है॥

लड्डू खा- खाकर वह,
दुश्मन के छक्के छुड़ाता है।
छोटे बच्चों को तो यह कार्टून,
खूब पसंद आता है॥


शिप्रा सिंह (स.अ.)
उ० प्रा० वि० रूसिया,
अमौली, फतेहपुर




3

## मोटू-पतलू



दो दोस्तों की है ये कहानी,
मोटू पतलू है जिनका नाम।
फुरफुरी नगर में है ये रहते,
मिलजुलकर करते हर काम।।

मोटू करता था हमेशा एक चोरी,
समोसा था उसकी बड़ी कमजोरी।
पतलू हमेशा देता था उसका साथ,
जिससे मजबूत थी दोस्ती की डोरी।।




पारुल चौधरी (स॰अ॰)
प्राथमिक विद्यालय बसी-3
खेकड़ा, बागपत


4

## टॉम एंड जेरी

टॉम एंड जेरी की जोड़ी निराली,
दोनों की हरकत लोट-पोट करने वाली।
चूहा, बिल्ली का यह खेल मतवाला,
कार्टून यह अमेरिका है बनाने वाला।।



टॉम, जेरी को खूब दौड़,
तरह-तरह से उसे डरता ।
अफरा-तफरी का माहौल बनाके,
दर्शकों का वह प्यार है पाता।।




वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा० वि०चन्दवक
डोभी, जौनपुर



26/12/2025

# बाल साहित्य सृजन

शुक्रवार



## 1

### मोटू पतलू

दोस्ती, हास्य व रोमांच से भरपूर,
मोटू पतलू कार्टून शो है मशहूर।
अपनी सूझबूझ और साहस से,
जो करते हैं हर मुश्किल को दूर।।

फुरफुरी नगर में करते हैं निवास,
मुसीबत में नहीं छोड़ते जो आस।
बच्चों व बड़ों का करके मनोरंजन,
सभी के मन में जगाते हैं विश्वास।।



पूनम नैन ( स० अ०)
उ० प्रा० कम्पोजिट विद्यालय मुकुंदपुर
छपरौली,बागपत



## 2

### शिन चैन कार्टून

जापानी कार्टून शिन चैन,
बच्चों को अच्छा लगता।
शिनचैन हिमावारी के साथ ,
मम्मी-पापा के साथ रहता।।

पाँच साल का यह बच्चा,
नटखट हरकतें खूब करता।
अपने प्यारे-प्यारे दोस्तों संग,
हम सभी का मनोरंजन करता।।



अनुप्रिया यादव ( स०अ०)
क० वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर



## 3

### लिटिल सिंघम

सबकी रक्षा करने को,
आया है लिटिल सिंघम।
मिर्ची नगर के लोगों को,
मुश्किल से बचाता सिंघम।।

शेर की शक्ति जिसमें,
ऐसा है लिटिल सिंघम।
लेकर नाम पुकारे जो कोई,
तो आता लिटिल सिंघम।।



मृदुला वर्मा ( स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात



## 4

### मोटू-पतलू

एक मोटू, एक पतलू,
दो है बाल कलाकार।
करते सबकी सहायता,
पाते सबका प्यार।।


डॉ. झटका, घसीटा, चिंगम,
अच्छे कार्यों से है पहचान।
फुरफुरी नगर की परेशानी,
चोर, लुटेरा है जॉन।।



अमित गोयल (स०अ०)
प्रा० वि० निवाडा, बागपत,
जनपद बागपत







# बाल साहित्य सृजन

**1**

## ऑक्टोनॉट्स



एनिमेटेड टीवी श्रृंखला,
टीम मेंओमी द्वारा लिखी।
किताबों पर है आधारित,
ऑक्टोनॉट्स है बालकेंद्रित।।

जिज्ञासा शांत करता,
व्यक्तिगत महत्व देता।
बहुत ही लोकप्रिय है,
शिक्षाप्रद भी लगता।।

रचना- सुमन पाण्डेय (प्र०अ०)
प्राथमिक विद्यालय टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर



**2**

## चाचा चौधरी



पकी मूंछ पर पगड़ी कमाल,
चाचा चौधरी की अनोखी शान।
छोटा कद, अनुभवों की खान,
मुश्किल में करते समाधान।।

हंसता चेहरा उच्च विचार,
दुश्मन पर करता है प्रहार।
कंप्यूटर से है तेज दिमाग,
सादा जीवन उच्च विचार।।

रचना- सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
कंपोजिट उ० प्रा० वि० खजनी
(रुद्रपुर), गोरखपुर



**3**

## नॉडी



टॉयलैण्ड में रहता है,
नाम है उसका नॉडी।
जंगल, पहाड़, नदी किनारे,
शरारतें करने का है आदी।।


टॉयलैण्ड की इस दुनिया में,
सपने सच हो जाते है।
नॉडी जैसे दोस्त मिलें तो,
बच्चे खुश हो जाते हैं।।

रचना- रूपी त्रिपाठी(स०अ०)
उ०प्रा०वि०लोहारी(1-8)
सरवनखेड़ा, कानपुर देहात



**4**

## शक्तिमान



बच्चों का सबसे प्यारा कार्टून,
नाम है जिसका शक्तिमान।
1997 में यह लोकप्रिय हुआ,
एनीमेशन से विख्यात हुआ।।

2012 में धरातल पर आयी,
शक्तिमान ने शक्ति दिखलायी।।
बेहान आर्य करता नेक काम,
किलविश करता खराब काम।।

रचना- प्रतिमा उमराव ( स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर







29/12/2025 सोमवार

# बाल साहित्य सृजन

1

## बैटमैन



अनेक शक्तियों का स्वामी है,
अपराधियों का दुश्मन नामी है।
ब्रूस वेन नाम है इसका,
गोथम शहर में रहता है।।

अपराधियों को सबक सिखाता,
अन्याय ना बिल्कुल सहता है।
चमगादड़ के वेश में रहता,
इसे बैटमैन ज़माना कहता है।।

रचना-
बृजराज सारस्वत(इं०प्र०अ०)
क० वि० गोपालगढ़
मथुरा, मथुरा



2

## स्पाइडरमैन



खतरों की वह पहले से,
कर लेता पहचान।
स्पाइडर मैन कहते जिसे,
पीटर पार्कर भी नाम।।

दीवारों पर चढ़ जाता,
दूसरों की मदद करता।
शक्तियों का प्रयोग करे,
अपराध के लिए लड़ता।।

रचना-
शिखा वर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर



3

## आयरनमैन



मार्वल कॉमिक्स का सुपर हीरो,
टोनी स्टार्क था दूसरा नाम।
अपहरण से बचने को,
इस कॉस्ट्यूम का किया इन्तजाम।।

बुराई से लड़ने को,
फिर किया इसका इस्तेमाल।
आयरनमैन के नाम से,
मचा दिया इसमें धमाल।।

रचना-
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



4

## सुपरमैन



मानवता की रक्षा हेतु,
आया धरा पर सुपरमैन।
एलियन से बन गया मानव,
सबका प्यारा सुपरमैन।।

जब जहाँ भी संकट आए,
तुरन्त प्रकट हो जाता है।
दुश्मनों के छुड़ाता छक्के,
सबकी जान बचाता है।।

रचना-
सीमा शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि०- निवाड़ा
बागपत, बागपत



- आओ हाथ से हाथ मिलाएँ - **मिशन शिक्षण संवाद** - बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ -



30.12.2025



मंगलवार

# बाल साहित्य सृजन

## 1 बग्स-बनी



कार्टून और कॉमिक्स का
खरगोश पात्र होता।
वर्नर-बन्धु द्वारा रचित,
'बग्स-बनी' नाम से जाना जाता।।

बेहद शरारती बग्स-बनी,
लोगों को बहुत छकाता।
हमेशा अपनी चालाकी से,
कुटिल खरगोश कहलाता।।



रचना-
उमा ठाकुर (इं०प्र०अ०)
प्राथमिक विद्यालय-राजपुर
मथुरा, मथुरा

## 2 स्कूबी-डू



स्कूबी-डू एनीमेडिड कार्टून,
इस कुत्ते को बातें करने का जुनून।
शैगी, फ्रेडी एक बैन में घूम रहे,
मिस्ट्री-मशीन में मजे से झूम रहे।।

भूत, राक्षसों के सब किस्से,
मिलकर के दोहराते हैं।
आती जो भी विकट पहेली,
मिलकर के सुलझाते हैं।।



रचना-
प्रवीणा दीक्षित (स०अ०)
के०जी०बी०- नगर क्षेत्र
नगरक्षेत्र, कासगंज

## 3 स्पंज-बॉय




दोस्तों संग मस्ती करता,
खुश हमेशा नज़र आए।
चोकोर-पैंट, पीली-शर्ट,
मुश्किलों से न घबराए।।

क्रस्टी-कैब में बर्गर बनाता,
यह खूब कारनामे दिखाए,
मेहनत संग मस्ती में झूमे,
स्पंज-बॉय यह कहलाए।।



रचना-
शहनाज बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट

## 4 सोनिक



जापानी कम्पनी 'सेगा' द्वारा,
लोकप्रिय कार्टून बनाया गया।
अति तेज गति से दौड़नेवाला,
मानव सदृश्य दर्शाया गया।।

नीले रंग का साहस से भरा,
रोमांच के लिए तैयार रहता।
अक्सर ऐगमैन से लड़ता,
अन्याय से घृणा करता।।



रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
मथुरा, मथुरा





# बाल साहित्य सृजन

1

## विनी द पूह



विनी द पूह है एक मोटे,
पीले भालू का प्यारा नाम।
जंगल जंगल शहद की खोज,
करना है उसका न्यारा काम।।

पिगलेट, ईयोर, रैबिट,उल्लू,
और कंगा उसके दोस्त प्यारे,
शहद दिलाने के लिए उसको,
करते नये नये कारनामे न्यारे।।

इला सिंह(स.अ)
कम्पोजिट विद्यालय पनेरूवा
अमौली फतेहपुर



2

## डोनाल्ड डक



डोनाल्ड डक का कार्टून चरित्र,
वाल्ट डिज्नी कंपनी ने बनाया।
मानवरूपी सफेद बत्तख,
के रूप में इसे दर्शाया।।

आवाज तुतलाती मिजाज में घिस्सा,
लेकिन स्वभाव है प्यारा,
विशेष हरकतों के कारण,
बड़े और बच्चों को लगता प्यारा।।

माला सिंह(स०अ०)उच्च
प्रा०वि०-भरौटा(1-8)
ब्लॉक-सरधना
जनपद-मेरठ



3

## लिटिल कृष्णा



बाल कृष्णा भी हमारे,
लिटिल कृष्णा को कहते।
नंद और यशोदा माता संग,
वृंदावन में निवास करते।।

दोस्तों संग गायों को चराते,
गोपियों को तंग खूब करते।
कालिया नाग को सबक सिखाया,
कंस को भी मार भगाया।।

आरती यादव(स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय रनियां -1
सरवनखेड़ा कानपुर देहात



4

## रोल नंबर 21



कृष्ण और कंस सीरीज,
पौराणिक कथा आधारित।
क्रिस बना कृष्ण का रूप,
कनिष्क पर उड़ता धूल।।

बुराई पर अच्छाई की जीत,
क्रिस के स्कूल में सारे मीत।
बच्चों का चहेता बना क्रिस,
जब आता बच्चे मांगे विस।।

नीलम भास्कर (स०अ०)
पी एम श्री उ०प्रा०वि०सिसाना
बागपत, बागपत



# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल साहित्य सृजन

## रचनाकारों की सूची

1- बृजराज सारस्वत, मथुरा
2- भावना शर्मा, मेरठ
3- शिखा वर्मा, सीतापुर
4- सीमा शर्मा, बागपत
5- नैमिष शर्मा, मथुरा
6- उमा ठाकुर, मथुरा
7- शहनाज़ बानो, चित्रकूट
8- प्रबीणा दीक्षित, कासगंज
9- आरती यादव, कानपुर देहात
10- इला सिंह, फतेहपुर
11- नीलम भास्कर, बागपत
12- माला सिंह, मेरठ
13- पारुल चौधरी, बागपत
14- वन्दना यादव, जौनपुर
15- शिप्रा सिंह, फतेहपुर
16- ज्योति सागर, बागपत
17- पूनम नैन, बागपत
18- अमित गोयल, बागपत
19- अनुप्रिया यादव, फतेहपुर
20- मृदुला वर्मा, कानपुर देहात
21- प्रतिमा उमराव, फतेहपुर
22- सुमन पाण्डेय, फतेहपुर
23- सुषमा त्रिपाठी, गोरखपुर
24- रूपी त्रिपाठी, कानपुर देहात

**तकनीकी सहयोग**

1- नैमिष शर्मा, मथुरा
2- जितेन्द्र कुमार, बागपत

**मार्गदर्शन- राजकुमार शर्मा, चित्रकूट**

**संकलन :- काव्यांजलि दैनिक सृजन टीम**